# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / आदर्श विद्यालय / सीएसआर / 18–19 दिनांक – 21/01/19

संयुक्त निदेशक,
(स्कूल शिक्षा),
समस्त संभाग।

विषय :–"ज्ञान संकल्प पोर्टल एवं मुख्यमंत्री विद्यादान कोष" हेतु आगामी कार्ययोजना बनाकर कार्य करवाने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को विभिन्न ओद्यौगिक संस्थानों एवं दानदाताओं / जन समुदाय से सहयोग राशि प्राप्त करने के लिए ज्ञान संकल्प पोर्टल की स्थापना की गई है। वर्तमान में राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तरीय कार्यालयों का पुनर्गठन कर एकीकृत शिक्षा संकुलों की स्थापना के पश्चात् निम्न कार्ययोजनानुसार CDEO/ADPC/CBEO कार्यालयों को निर्देशित कर संभाग स्तरीय समेकित कार्ययोजना बिन्दुवार बनाकर कार्य करवायें।

कार्ययोजना बिन्दु :–

- जिले / ब्लॉक में ज्ञान संकल्प पोर्टल पर उपलब्ध विकल्पानुसार Donation करवाने की आगामी कार्ययोजना मय लक्ष्य। (इस हेतु आगामी कार्ययोजना में दिनांक 26 जनवरी 2019 को राजकीय विद्यालयों में दान प्राप्त होता है अतः विशेष रूप से में विद्यालयों में प्राप्त दान को पोर्टल के माध्यम से प्राप्त करना)
- 'Donate To A School' के माध्यम से प्राप्त दान राशि का त्वरित वितरण विद्यालयों के SDMC/SMC खातो में हो सके इस हेतु शाला दर्पण में विद्यालय लॉग–इन द्वारा SDMC/SMC खातों का वेरिफिकेशन करवा कर शाला दर्पण के माध्यम से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।
- राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर के पत्र दिनांक 05.11.2018 के अनुसार ज्ञान संकल्प पोर्टल हेतु शाला दर्पण / शाला दर्शन पोर्टल के माध्यम से समस्त अधिकारियों / कार्मिकों के लॉगइन आईडी जारी की जा चुकी है अतः अधिकारी / कार्मिक नियमित रूप से लॉगइन कर सम्बन्धित जिले / ब्लॉक को आवंटित कार्य सम्पादित करें।
- शाला दर्पण पर उपलब्ध नवीन इन्फ्रास्ट्रचर मॉड्यूल को विद्यालय लॉग–इन के द्वारा पूर्ण करवाते हुए सत्यापित करें।
- जिले / ब्लॉक में कार्यरत भामाशाह / दानदाता एवं कम्पनियों की सूची एवं विगत वर्षो में करवाये गये कार्यो की सूची तैयार करवाते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार कर राजकीय विद्यालयों में प्राप्त सहयोग को प्रोजेक्ट के रूप में अपलोड कर कार्य को करवाना।
- वर्तमान में जिले / ब्लॉक में ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से अप्रूव्ड प्रोजेक्टकी नियमित मॉनिटरिंग करते हुवे प्रगति भिजवाना।
- कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 17.04.17 एवं रामाशिप जयपुर के पत्र दिनांक 12.02.18 तथा 18.10.18 के अनुसार कार्यवाही करवाते हुए, सखा संगम कार्यक्रम (alumni meet) का आयोजन करवाए।

- आगामी सत्र हेतु विद्यालयों की आवश्यकतानुसार प्रोजेक्ट बनवाकर जिलें में स्थित सीएसआर कम्पनियों को जिला निष्पादक कमेटी के माध्यम से अप्रूव करवाकर भिजवायें।
- जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मिटिंग में ज्ञान संकल्प पोर्टल का अपडेशन प्रभारी के माध्यम से प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार कार्य योजना बनाना।
- जिले की ज्ञान संकल्प पोर्टल में Donate To A School में रैंकिग को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/आदर्श विद्यालय/सीएसआर/18–19 दिनांक – 21/01/2019

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
02. निजी सचिव, आयुक्त स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार
03. निजी सहायक, निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर।
04. निजी सहायक, अति.राज्य परियोजना निदेशक(प्रथम),रा.स्कूल.शि.प.,जयपुर।
05. उपायुक्त प्रथम, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
06. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, पदेन जिला परियोजना समन्वयक (समसा)/ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी को पालनार्थ।
07. रक्षित पत्रावली।

सहायक निदेशक (सीएसआर)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com


क्रमांक : रा.मा.शि.प / जय / सीएसआर / विविध / 2017 / 8262 दिनांक 05/11/2018

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समस्त जिले

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त ब्लॉक (समस्त जिले)

विषयः ज्ञान संकल्प पोर्टल हेतु लॉगिन–पॉसवर्ड जारी होने के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के आदेश क्रमांकः प 21(32) प्राशि / आयो / 2017 पार्ट जयपुर दिनांक 08–08–2018 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 24–09–2018 के द्वारा ब्लॉक / जिला / संभाग स्तरीय कार्यालयों का पुनर्गठन कर एकीकृत शिक्षा संकुलों की स्थापना की गयी है। उपरोक्त आदेशों के क्रम में जिला व ब्लॉक स्तर पर स्थापित नये संकुलों हेतु ज्ञान संकल्प पोर्टल पर कार्य करने हेतु लॉगिन व पासवार्ड जनरेट कर दिये गये है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| क.सं. | जिला / ब्लॉक अधिकारी का प्रकार | लॉगिन | पासवर्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (CDEO) | **CDEOXXXX**<br>(XXXX- District UDISE Code) | CSR@123@ |
| 2 | मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) | **CBEOYYYYYY**<br>(YYYYYY- **Block** UDISE Code) | CSR@123@ |

भविष्य में सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपरोक्तानुसार लॉगिन व पासवर्ड के माध्यम से ज्ञान संकल्प पोर्टल (**www.gyansankalp.nic.in**) पर लॉगिन करेगें तथा सम्बन्धित जिले / ब्लॉक से सम्बन्धित आवंटित कार्य सम्पादित करेगें। सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपरोक्त आवंटित पासवर्ड के माध्यम से एक बार ही लॉगिन कर सकेगें। उपरोक्त अधिकारी प्रथम बार लॉगिन के बाद आवश्यक रूप से नवीन पासवर्ड बनावेगें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ई–मेल **ad.csr.dse@rajasthan.gov.in** पर सम्पर्क करें।

(सुरेश चन्द्र)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर
3. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर
4. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक जयपुर
5. उपायुक्त प्रथम / द्वितीय, रामाशिप जयपुर
6. तकनीकी निदेशक (एनआईसी–ज्ञान संकल्प पोर्टल), शिक्षा संकुल जयपुर
7. प्रभारी अधिकारी, शाला दर्पण / दर्शन प्रकोष्ठ, रामाशिप जयपुर
8. उपनिदेशक, सीएसआर प्रकोष्ठ जयपुर
9. उपनिदेशक, मॉनिटरिंग, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर
10. रक्षित पत्रावली

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक